**सत्र : 2025- 26**

**प्रश्न- पत्र की रूपरेखा**

**कक्षाः बारहवीं**

**विषय : हिंदी**

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक** (लिखित): **80**

**आंतरिक मूल्यांकनः20**

नोट- (i) प्रश्न पत्र के छह भाग (क से च तक) होंगे।

(ii) प्रश्न- पत्र में कुल 14 प्रश्न होंगे।

(iii) सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य होंगे।

## भाग- कः वस्तुनिष्ठ प्रश्न (20)

### (I) बहुवैकल्पिक प्रश्न

**निम्नलिखित में से 10 अंकों के बहुवैकल्पिक प्रश्न पूछे जाएँगे।**

प्रश्न 1: (i) समास (अव्ययीभाव, तत्पुरुष, बहुब्रीहि एवं द्वंद्व समास) में से तीन बहुवैकल्पिक प्रश्न पूछे जाएँगे। $3 \times 1 = 3$

(ii) हिंदी साहित्य का इतिहास (रीतिकाल एवं आधुनिक काल) में से दो बहुवैकल्पिक प्रश्न पूछे जाएँगे। $2 \times 1 = 2$

(iii) अंग्रेज़ी के दो पारिभाषिक शब्दों के हिंदी रूप लेखन के सम्बन्ध में दो बहुवैकल्पिक प्रश्न पूछे जाएँगे। $2 \times 1 = 2$

(iv) पाठ्य पुस्तक के 'पद्य भाग' में से दो बहुवैकल्पिक प्रश्न पूछे जाएँगे। $2 \times 1 = 2$

(v) 'छंद' से संबंधित एक बहुवैकल्पिक प्रश्न पूछा जाएगा। $1 \times 1 = 1$

### (II) अन्य वस्तुनिष्ठ प्रश्न (10)

निम्नलिखित में से 10 अंकों के अन्य वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएँगे। ये प्रश्न हाँ/ नहीं अथवा रिक्त स्थानों की पूर्ति अथवा सही/गलत अथवा मिलान कीजिए, किसी भी प्रकार के हो सकते हैं।

(vi) पद परिचय से संबंधित एक वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछा जाएगा। $1 \times 1 = 1$

(vii) अंग्रेज़ी के दो पारिभाषिक शब्दों के हिंदी रूप लेखन के सम्बन्ध में दो वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएँगे। $2 \times 1 = 2$

(viii) 'अलंकार' से संबंधित एक वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछा जाएगा। $1 \times 1 = 1$

(ix) पाठ्य पुस्तक गद्य भाग (निबंध, कहानी व एकांकी) में से छह अति लघूत्तर प्रश्न पूछे जाएँगे। दो प्रश्न निबंध भाग में से, दो कहानी भाग में से तथा दो एकांकी भाग में से पूछे जाएँगे। $6 \times 1 = 6$

## भाग- ख (पाठ्य-पुस्तक में से अन्य प्रश्न) (24)

प्रश्न-2: पाठ्य पुस्तक के 'प्राचीन काव्य भाग' में से दो पद्यांश देकर उनमें से किसी एक की सप्रसंग व्याख्या करने के लिए कहा जाएगा। $1 + 4 = 5$

प्रश्न-3: पाठ्य पुस्तक के 'आधुनिक काव्य भाग' में से दो पद्यांश देकर उनमें से किसी एक की सप्रसंग व्याख्या करने के लिए कहा जाएगा। $1 + 4 = 5$

प्रश्न-4: पाठ्य पुस्तक के 'निबन्ध भाग' में से दो प्रश्न पूछे जाएँगे, जिनमें से एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40 शब्दों में देने के लिए कहा जाएगा। 3

प्रश्न-5: पाठ्य पुस्तक के 'कहानी भाग' में से दो प्रश्न पूछे जाएँगे, जिनमें से एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40 शब्दों में देने के लिए कहा जाएगा। 3

प्रश्न-6: पाठ्य पुस्तक के 'एकांकी भाग' में से दो प्रश्न पूछे जाएँगे, जिनमें से एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40 शब्दों में देने के लिए कहा जाएगा। 3

प्रश्न-7: पाठ्य पुस्तक में संकलित गद्य भाग (निबंध, कहानी एवं एकांकी) में से दो निबंधात्मक प्रश्न पूछे जाएँगे, जिनमें से एक प्रश्न का उत्तर लगभग 70-80 शब्दों में लिखने के लिए कहा जाएगा। 5

**भाग-ग हिंदी साहित्य का इतिहास (रीतिकाल एवं आधुनिक काल) (10)**

प्रश्न-8: इस प्रश्न में हिंदी साहित्य के रीतिकाल की प्रमुख परिस्थितियों, प्रमुख प्रवृत्तियों एवं प्रमुख कवियों के साहित्यिक परिचय से संबंधित कोई दो निबंधात्मक प्रश्न पूछे जाएँगे, जिनमें से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 70-80 शब्दों में लिखने के लिए कहा जाएगा। 5

प्रश्न-9: इस प्रश्न में हिंदी साहित्य के आधुनिक काल की परिस्थितियों, प्रमुख प्रवृत्तियों एवं प्रमुख कवियों के साहित्यिक परिचय से संबंधित कोई दो निबंधात्मक प्रश्न पूछे जाएँगे, जिनमें से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 70-80 शब्दों से लिखने के लिए कहा जाएगा। 5

**भाग-घ (रचनात्मक लेखन) (10)**

प्रश्न-10: निबंध लेखन के अंतर्गत कोई चार विषय देकर उनमें से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लेखन के लिए कहा जाएगा। भूमिका के लिए 2 अंक, विषय वस्तु के लिए 6 अंक तथा उपसंहार के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। $2 + 6 + 2 = 10$

**भाग-ड. (व्यावहारिक ज्ञान) (8)**

प्रश्न-11: इस प्रश्न में लगभग 25-30 शब्दों का एक पंजाबी गद्यांश दिया जाएगा, जिसका हिंदी में अनुवाद करना होगा। 4

प्रश्न-12: विज्ञापन और सूचना से सम्बन्धित दो प्रश्न पूछे जाएँगे, जिनमें से एक का उत्तर लिखने के लिए कहा जाएगा। 4

**भाग-च (छन्द एवं अलंकार) (8)**

प्रश्न-13: कोई दो छंद देकर किसी एक छंद का लक्षण एवं उदाहरण लिखने के लिए कहा जाएगा। $1 + 3 = 4$

प्रश्न-14: कोई दो अलंकार देकर किसी एक अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण लिखने के लिए कहा जाएगा। $1 + 3 = 4$